शिक्षा के बढ़ावे को सुनील गलगोटिया और सीएम में मंथन

नोएडा (ब्यूरो)। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सुनील गलगोटिया पिछले दिनों मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बढ़ते शैक्षिक संस्थाओं के बारे में सीएम ने कहा कि देश में बंगलूरू के बाद ग्रेनो एजूकेशन का हब बन गया है। अब प्रदेश के छात्र नार्थ इंडिया की तरफ न जाकर यहीं पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं अन्य प्रदेशों के छात्र भी यहां आ रहे हैं। दक्षिण की तरह यहां पर बेहतर शिक्षा की व्यवस्था हो गई है।

सुनील गलगोटिया

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि प्रदेश में पहली निजी एमिटी यूनिवर्सिटी को तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने ही हरी झंडी दी थी। तब से नोएडा-ग्रेटर नोएडा में कई निजी यूनिवर्सिटी बन चुकी हैं। यह प्रदेश सरकार की पॉलिसी का ही नतीजा है कि क्षेत्र और प्रदेश में निवेश के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ा है। सुनील ने बताया कि चर्चा के दौरान सीएम ने कहा कि शिक्षा में अच्छी क्वालिटी तभी मिलेगी जब प्रतियोगिता होगी। अब देशभर से लोग यूपी में निवेश करना चाहते हैं। प्रदेश में शैक्षिक और औद्योगिक वातावरण बन चुका है। अब स्किल मैन पॉवर प्रदेश तैयार कर रहा है। ढांचागत व्यवस्था में लगातार सुधार होने से निवेश का माहौल बन गया है। अखिलेश यादव ने प्रदेश के विकास के बारे में कहा कि केंद्र सरकार इन दिनों जमीन अधिग्रहण बिल को लेकर फंसी हुई है जबकि उत्तर प्रदेश के विकास में किसान सहयोग कर रहे हैं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के लिए जमीन का अधिग्रहण करीब-करीब पूरा हो चुका है। किसानों की मांगों को विशेष ख्याल रखा जा रहा है। जमीन लेने के दौरान किसी तरह का विवाद भी नहीं हो रहा है, क्योंकि किसानों को बताया गया है कि एक्सप्रेसवे बनने से आगरा से लेकर लखनऊ शहर बसने के साथ-साथ उद्योग लगेंगे जिसका लाभ सभी को मिलेगा।

सुनील ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा को बढ़ाने के लिए शैक्षिक संस्थानों के मालिकों के साथ बैठक करेंगे। उनके सुझाव भी लिए जाएंगे कि किस तरह से पूरा प्रदेश एजूकेशन हब के रूप में विकसित किया जा सके।